# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# दिसम्बर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी दिसम्बर, 2025 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 December, 2025

- **हाईटेक कवच उग्रवाद और बाढ़ के दोहरे खतरे से सुरक्षा पूर्वोत्तर के रेलवे ब्रिज की सेफ्टी के लिए पानी में रोबोटिक गार्ड तैनात किया–**

पूर्वोत्तर भारत के रेल पुल, जो उग्रवाद अैर बाढ़ के दोहरे खतरे से जूझते रहे हैं, अब दुनिया की उन्नत तकनीक से और अधिक सुरक्षित हो रहे हैं। एनएफ रेलवे ने पहली बार अंडरवाटर रोबोटिक व्हीकल (आरओवी) तैनात किए हैं, जो नदी के तल तक जाकर पुलों की नींव, पायों और संरचना की गहराई से जाँच कर रहे हैं। इसकी शुरुआत सराईघाट रेल-सह-सड़क पुल से हुई, जहाँ रोबोटों ने ब्रह्मपुत्र के नीचे हाई-रेजोल्यूशन मैपिंग और संरचनात्मक मजबूती का विश्लेषण किया। ये आरओवी लाइनर से 3डी मॉडल, थर्मल इमेजिंग, जीपीआर से मिट्टी-चट्टान जांच और यूपीवी से कंक्रीट की मजबूती मापते हैं। अब तक 13 पुल सुरक्षित पाए गए और 2025-26 में 23 पुलों की जांच का लक्ष्य है।

## Newspaper of 2 December, 2025

- **ऐसा लगेगा जैसे बादल पर पाँव है;समंदर किनारे देश का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक ब्रिज–**

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कैलासागिरी हिलटॉप पार्क में देश का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक ब्रिज बनाया गया है। इसे जनता के लिए खोल दिया गया। यह स्काईवॉक जमीन से करीब 862 फीट और समुद्र तल से 1,000 फीट की ऊँचाई पर बना है। वहाँ से पूरे शहर और बंगाल की खाड़ी का 360 डिग्री व्यू देखने को मिलता है। पुल मजबूत ग्लास से बना है। यह स्काईवॉक 50 मीटर लंबा है। इसके बड़े हिस्से में नीचे कोई सहारा नहीं है। इससे यहाँ खड़े होकर हवा में तैरने जैसा एहसास होता है। कांच के पारदर्शी फर्श से नीचे गहरी घाटी साफ दिखाई देती है।

**पुल की खासियत–**

**1,000** फीट है समुद्र तल से ऊंचाई, 50 मीटर लंबा।

**250** किमी प्रति घंटे तक की हवा का दबाव सह सकता है।

**100** से ज्यादा लोगों का वजन झेलने में सक्षम है।

**7-8** महीने में इसे पूरा किया गया।

**40** लोग को ही फिलहाल एक बार में एंट्री मिलेगी।

कैलासागिरी हिलटॉप पर सर्वे कर वह जगह चुनी जहाँ नजारा सबसे सुंदर है।

- **नवंबर, 2025 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन ₹ 1,70,276 रु. रहा। यह नवंबर, 2024 के 1,69,016 करोड़ रुपए से 0.7% अधिक है। गौरतलब है कि अक्टूबर में कलेक्शन सालाना 4.6% बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपए हो गया था।**

- **ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने 2025 के इंटरनेट दौर को देखते हुए 'रेज बैट' को 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना है। यह शब्द उस ऑनलाइन सामग्री के लिए इस्तेमाल होता है, जिसे जानबूझकर लोगों को गुस्सा दिलाने, चिढ़ाने या उकसाने के लिए बनाया जाता है, ताकि उसे ज्यादा कमेंट, शेयर और पहुँच मिल सके। रेटबैट के मुकाबले में 'ऑरा फार्मिंग' और 'बायोहैक' शब्द थे।**

## Newspaper of 3 December, 2025

- **स्वदेशी सिस्टम रेल ट्रैक पर लड़ाकू विमान से पायलट के इजेक्शन का ट्रायल सफल हुआ, भारत उन्नत एस्केप सिस्टम क्षमता वाला देश बना–**

डीआरडीओ ने लड़ाकू विमान के एस्केप सिस्टम का 800 किमी/घंटे पर सफल रॉकेट-स्लेड टेस्ट किया। परीक्षण चंडीगढ़ स्थित टर्मिलन बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी के रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड सुविधा में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने वाली बड़ी उपलब्धि बताया। इस सफल परीक्षण से भारत स्केप सिस्टम के घरेलू उन्नत परीक्षण क्षमता वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है। रॉकेट-स्लेड टेस्ट में लंबी रेल ट्रैक पर एक विशेष प्लेटफॉर्म रखा जाता है, जिसके पीछे रॉकेट मीटर जुड़ी होती है।

**रॉकेट-स्लेड टेस्ट क्या है–**

रॉकेट-स्लेड टेस्ट एक जमीन पर होने वाला उच्च गति परीक्षण है। इसमें विमान या उसके सिस्टम जैसे इजेक्शन सीट और कैनोपी को असली उड़ान की स्पीड पर परखा जाता है। यह परीक्षण पायलट सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 5 December, 2025

- **रिलायंस जियो और एनएचएआई देश का पहला मोबाइल बेस्ड सेफ्टी सिस्टम शुरू करेंगे; हाइवे पर अब यात्रियों को कोहरा, हादसे से पहले अलर्ट मिलेगा–**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और रिलायंस जियो मिलकर एक ऐसा सिस्टम शुरू करने जा रहे हैं, जो हाईवे पर चलती गाड़ी में बैठे ड्राइवर और यात्रियों को हादसे, कोहरा, डायवर्जन और आवारा पशुओं की पहले से जानकार देगा। यह देश का पहला ऐसा सेफ्टी अलर्ट सिस्टम होगा, जो मोबाइल नेटवर्क के जरिए बिना किसी नए हार्डवेयर के काम करेगा। जियो के 4जी और 5जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर यह सिस्टम हाईवे पर मौजूद यात्रियों को रियल-टाइम में अलर्ट भेजेगा। अलर्ट भेजने का तरीका भी हाई-इम्पैक्ट होगा, जैसे एसएमएस, वॉट्सएप मैसेज और हाई-प्रायोरिटी कॉल। इससे जरूरी जानकारियाँ ड्राइवर की नजर से नहीं छूटेगी। इस सिस्टम के लिए सड़क किनारे किसी नए डिवाइस की जरूरत नहीं होगी। जियो के मौजूदा टावर और नेटवर्क से ही डेटा कलेक्शन, प्रोसेसिंग और अलर्ट ट्रिगरिंग रियल-टाइम में होगी।

**अगला कदम : एप और हेल्पलाइन से इंटीग्रेशन–**

इस सिस्टम को आगे चलकर 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल एप और 1033 हेल्पलाइन एप से जोड़ा जाएगा। इससे ब्रेकडाउन, चोट, रोड ब्लॉक और इमरजेंसी मदद एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल सकेगी। शुरुआत कुछ हाईवे कॉरिडोर से होगी। पायलट सफल होने पर इसे पूरे नेशनल हाईवे नेटवर्क पर लागू किया जाएगा।

- **भारत सरकार ने अमेरिका के साथ नौसेना के लिए एमएच-60 आर सीहॉक हेलिकॉप्टरों के रखरखाव के लिए लगभग ₹ 7995 करोड़ का करार किया–**

हाल ही में भारत सरकार ने नौसेना के लिए एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टरों के रखरखाव के लिए करीब 7,995 करोड़ रुपए का करार किया है। यह हेलिकॉप्टर अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने बनाए हैं। यह समझौता हेलिकॉप्टरों की ऑपरेशनल रेडीनेस बढ़ाने, अमेरिका और उसके साझेदार देशों के साथ इंटरऑपरेबिलिटी मजबूत करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

भारत ने एमएच-60आर हेलिकॉप्टर 2020 में फॉरेन मिलिट्री सेल्स समझौते के तहत खरीदे थे। अब तक इनमें से करीब 15 हेलिकॉप्टर भारतीय नौसेना में शामिल हो चुके हैं। इनका पहला स्क्वाड्रन 2021 में कमीशन किया गया था। इन्हें रोमियो भी कहा जाता है।

- एमएच-60आर सीहॉक एक मल्टी-रोल समुद्री हेलिकॉप्टर है। यह पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर हमला, सर्च एंड रेस्क्यू, निगरानी और जहाज आधारित ऑपरेशंस जैसे कई मिशनों में सक्षम है। इसमें लॉन्ग-रेंज सेंसर और एडवांस्ड हथियार लगे हैं, जो समुद्री खतरों से निपटने में मदद करते हैं।
- एजीएम-114 हेलफायर मिसाइल, हल्के टॉरपीडो और मशीन गन से लैस होता है। इसमें एडवांस्ड रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम लगे हैं, जो सतह पर दुश्मन के टारगेट को पहचानने और हमला करने में मदद करते हैं। पनडुब्बी रोधी सिस्टम में डिपिंग सोनार, सोनोबॉय, मल्टी-मोड रडार और एमके-54 टॉरपीडो शामिल हैं।
- यह हेलिकॉप्टर निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल इवैक्यूएशन और युद्धपोत आधारित मिशनों के लिए एक भरोसेमंद प्लेटफार्म है।

## Newspaper of 7 December, 2025

- **भारत और रूस के बीच आने वाले समय में व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, जहाजरानी और ऊर्जा सुरक्षा में रणनीति सहयोग पर सहमति बनी; भारत रूस को प्रशिक्षित श्रमिकों की आपूर्ति करेगा वहीं रूस भारत को तेल आपूर्ति व परमाणु क्षेत्र में मदद करेगा–**

हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत और रूस आने वाले वर्षों में व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, जहाजरानी और ऊर्जा सुरक्षा में एक दूसरे को रणनीतिक सहयोग पर सहमत हुए हैं। भारत रूस को जरूरी प्रशिक्षित श्रमिकों की आपूर्ति करेगा वहीं रूस भारत को तेल आपूर्ति व परमाणु क्षेत्र में मदद कर उसकी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को 23वीं वार्षिक बैठक के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शिखर बैठक में इन मुद्दों पर सहमति बनी। हैदराबाद हाउस में मोदी-पुतिन की बातचीत के बाद दोनों देशों में समझौते हुए। दोनों देश आर्थिक रोडमैप के तहत अगले पाँच साल (2030 तक) में व्यापार 100 अरब डॉलर तक ले जाने और भारत का व्यापार घाटा कम करने पर सहमत हुए हैं।

**रूस व भारत के बीच हुए अहम समझौते–**

- **आर्थिक रणनीति रोडमैप :** व्यापार क्षेत्र में सहयोग का समझौता-व्यापार 2030 तक 100 अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य, **असर :** रूसी बाजार में भारत से निर्यात बढ़ने का मौका। फार्मा, विनिर्माण, शिपिंग, खनिज, टेक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग से भारत को फायदा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौता :** लोगों की आवाजाही आसान होगी।
  **असर :** भारत से स्किल्ड श्रमिकों को रूस में अवसर। भारत द्वारा 30 दिन का फ्री टूरिस्ट वीजा देने से पर्यटन बढ़ेगा।
- **केमिकल साझेदारी :** खाद व दवा उत्पादन में सहयोग।
  **असर :** भारतीय कंपनियाँ रूसी कंपनी के साथ रूस में यूरिया प्लांट लगाएगी। उर्वरक उपलब्धता बढ़ेगी।
- **फूड सेफ्टी :** एफएसएसएआइ और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी में समझौता।
  **असर :** भारतीय उत्पादों को रूसी बाजार में भेजने का बड़ा मौका।
- **हेल्थकेयर सहयोग :** दोनों देशों के बीच मेडिकल पढ़ाई व स्वास्थ्य तकनीक का आदान प्रदान।
  **असर :** वैक्सीन व अन्य खोज में भारत को फायदा।
- **समुद्री लॉजिस्टिक्स :** बंदरगाह व शिपिंग ऑपरेशन में सहयोग।
  **असर :** भारत को जहाज निर्माण से लेकर प्रशिक्षण में मदद, उत्तरी कोरिडोर का निर्माण।

■ **हाल ही में ओडिशा राज्य की सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) परिवारों की लड़कियों की शादी में 51,000 रुपए की मदद देने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की है। इसमें 35,000 रुपए सीधे आर्थिक सहायता और 10,000 रुपए के शादी उपहार शामिल हैं। विधवा महिलाओं का पुनर्विवाह भी इस योजना के दायरे में आएगा।**

■ **बारामूला में 2,000 साल पुरानी बौद्ध बस्ती मिली, कुषाण काल के मिट्टी के बर्तन, तांबे की वस्तुएँ, स्तूप मिले–**

हाल ही में उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के जेहनपोरा क्षेत्र में खुदाई के दौरान कुषाण काल (लगभग 2,000 वर्ष पूर्व) की एक प्राचीन बौद्ध साइट के अवशेष मिले हैं। यह उत्खनन कश्मीर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ सेंट्रल एशियन स्टडीज (सीसीएएस) और प्रदेश सरकार के विभाग के संयुक्त प्रयास से हो रहा है। खुदाई में तीन स्तूप, संरचनात्मक दीवारें, प्राचीन मिट्टी के बर्तन, तांबे की वस्तुएँ और अर्द्धवृत्ताकार स्तूप मिले हैं।

यह क्षेत्र बारामूला से आगे सिल्क रूट का हिस्सा माना जाता है। ऐतिहासिक स्रोतों से यह पुष्टि होती है कि यहाँ एक प्राचीन बस्ती मौजूद थी। एक अर्द्धवृत्ताकार स्तूप जैसी संरचना सामने आ रही है।

■ **हाल ही में भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने (18 सदस्यीय टीम) अरुणाचल प्रदेश की सबसे ऊँची और अजेय मानी जाने वाली चोटी माउंट कांगटो (7042 मीटर) को फतह कर लिया है। लंबे समय से इसे कामेंग हिमालय का अनक्लाइम्ब्ड गार्डियन कहा जाता था।**

■ **भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (DRDO) ने टीडीएफ (टेक्नोलॉजी डेवलपमंट फंड) योजना के तहत विकसित सात नई स्वदेशी रक्षा तकनीकें भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना को सौंपी–**

हाल ही में डीआरडीओ ने टीडीएफ (टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड) योजना के तहत विकसित सात नई स्वदेशी रक्षा तकनीकें भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना को सौंप दी हैं। इन तकनीकों में पानी से चार्ज होने वाली बैटरी, विदेशी रडार को भ्रमित करने वाला हाई-वोल्टेज पावर सिस्टम और स्वदेशी वॉटरजेट इंजन शामिल हैं। नौसेना के लिए एक विशेष एंटेना तैयार किया गया है, जो पानी के अंदर से सुरक्षित संचार की सुविधा देता है। सेना को ऐसी तकनीक भी दी गई है, जिससे ज्वार-भाटा के अनुसार स्वत: ऊपर-नीचे होने वाला स्मार्ट 'रास्ता' तैयार किया जा सकेगा, जो समुद्री ऑपरेशनों में सहायक होगा। ये सभी तकनीकें डीआरडीओ और भारतीय निजी उद्योग के सहयोग से तैयार की गई हैं। इनका मुख्य उद्देश्य विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भरता घटाना, स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना और भारत की रक्षा क्षमताओं को अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है।

- **ज्वार-अनुकूल सुरक्षित गैंगवे :** ज्वार के कारण जहाज से उतरने-चढ़ने वाली गैंगवे हमेशा सीधी रहनी चाहिए। यह नई गैंगवे (रास्ता) ज्वार के हिसाब से खुद को समायोजित कर लेती है। इससे अब नौसैनिक हर समय सुरक्षित रास्ते से जहाज पर चढ़-उतर सकेंगे। इनसे अब समय की बचत होगी।
- **स्वदेशी पावर सप्लाई :** जेट्स पर लगे जेमर दुश्मन के रडार को भ्रमित करके विमान को 'गायब' जैसा बना देते हैं। उन्हें चलाने के लिए हाई-वोल्टेज पावर जरूरी है। इसके लिए पहले विदेशी तकनीक पर निर्भर रहना होता था।
- **पानी के नीचे सिग्नल पाने वाला ऐंटेना :** पनडुब्बियाँ पहले पानी के नीचे संचार के लिए विदेशी तकनीक पर निर्भर थीं। कई बार संचार के लिए ऊपर भी आना पड़ता था। नए स्वदेशी एंटेना के बाद ऐसा नहीं होगा।
- **लिथियम निकालने की तकनीक :** यह नई तकनीक इस्तेमाल हो चुकी बैटरियों से लिथियम दोबारा निकालकर इस्तेमाल करने लायक बना देती है। भारत में लिथियम ज्यादा नहीं है। ऐसे में यह तकनीक फायदेमंद हैं।
- **स्मार्ट सिग्नल ट्रैफिक कंट्रोलर :** यह सिस्टम सेना के लिए एक स्मार्ट कंट्रोलर की तरह है, जो अलग-अलग रेडियो सिग्नल के बीच जल्दी से बदल जाता है। डीआरडीओ की नई तकनीक से तालमेल में दिक्कत खत्म हो सकेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **स्वदेशी वॉटरजेट टेक्नोलॉजी :** यह वॉटरजेट सिस्टम तेज इंटरसेप्टर बोट्स को पानी खींचकर पीछे जोर से फेंकने की ताकत देता है, जिससे वह ज्यादा तेज हो जाती हैं। पुराने इंजन विदेशी होने के कारण खर्चीले थे।
- **समुद्री पानी से चलने वाली लंबी उम्र की बैटरी :** यह खास बैटरी समुद्र के पानी से खुद चार्ज होकर महीनों तक पानी के नीचे लगे सेंसरों को ऊर्जा देती रहती है। इससे तट की निगरानी, स्मगलिंग ट्रैक करना आसान हो जाता है।

■ **स्टार्टअप इंडिया : भारत का सबसे हल्का स्पेस टेलिस्कोप 'मीरा' तैयार; वजन मात्र 502 ग्राम, इसरो के पीएसएलवी से होगा प्रक्षेपण–**

इंदौर के युवा इंजीनियर पुनीत शर्मा की कंपनी ईऑन स्पेस लेब्स द्वारा विकसित 502 ग्राम वजनी 'मीरा' (मिनिएचराइज्ड इमेज फॉर रिसर्च एप्लीकेशंस) का प्रक्षेपण इसरो के पीएसएलवी मिशन के तहत 25 से 27 दिसंबर के बीच होगा।

इस कॉम्पैक्ट टेलिस्कोप में मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसर लगे हैं, जो अंतरिक्ष से प्राप्त तस्वीरों के कई रंग-बैंड का विश्लेषण करने में सक्षम हैं। इससे सैटेलाइट इमेजिंग, रक्षा निगरानी, कृषि विश्लेषण, आपदा प्रबंधन और जलवायु अध्ययन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वारा खुल सकते हैं।

अब तक हाई-एंड स्पेस-ग्रेड ऑप्टिक्स की डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग व डलवपमेंट भारत में एक ही प्लेटफॉर्म पर संभव नहीं था, जिसके कारण भारी एवं महंगे सैटेलाइट बनते थे और लॉन्चिंग लागत बढ़ जाती थी। ईऑन स्पेस लैब्स ने पहली बार तीनों प्रक्रियाओं को एकीकृत कर विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में कदम उठाया है। 'मीरा' के सफल प्रक्षेपण के बाद भारत के उन्नत इमेजिंग तकनीक में अधिक आत्मनिर्भर होने और वैश्विक स्पेस मार्केट में भारतीय स्टार्टअप्स की नई पहचान बनने की उम्मीद है।

## Newspaper of 8 December, 2025

■ **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख स्थित श्योक टनल समेत 125 सामरिक प्रोजेक्ट राष्ट्र को समर्पित किए–**

7 दिसंबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में श्योक टनल में बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) के 125 रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें 28 सड़कें, 93 पुल और 4 सामरिक प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो 7 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में फैले हैं। सिंह ने कहा, इनसे सीमा इलाकों में सैनिकों की आवाजाही व स्थानीय नागरिकों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इन प्रोजेक्ट्स में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम शामिल है। सबसे महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में शामिल 920 मीटर लंबी श्योक कट-एंड-कवर टनल लद्दाख में भूस्खलन और हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सालभर सुरक्षित आवाजाही सुनश्चित करेगी। इसके साथ 3डी प्रिंटेड एचएडी कॉम्पलेक्स ने आधुनिक रक्षा अवसंरचना में भारत की तकनीकी प्रगति को दर्शाया।

■ **भारत 8-13 दिसम्बर तक पहली बार यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत समिति के 20वें सत्र की मेजबानी करेगा। लाल किला परिसर में होने वाली बैठक की अध्यक्षता भारत के स्थायी प्रतिनिधि करेंगे। आयोजन 2003 कन्वेंशन के 2005 में भारतीय अनुसमर्थन की 20वीं वर्षगांठ पर हो रहा है। इसका उद्देश्य वैश्विक सहयोग, विरासत, संरक्षण व समुदाय आधारित परंपराओं के दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना है। संस्कृति मंत्रालय व संगीत नाटक अकादमी नोडल एजेंसियाँ हैं। भारत अपने आइसीएच संरक्षण मॉडल, 15 मान्यता प्राप्त विरासत तत्त्वों और विविध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रदर्शित करेगा।**

## Newspaper of 10 December, 2025

■ **हाल ही में भारतीय मूल के अर्किन गुप्ता ने वित्तीय नवाचार में अपने महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए फोर्ब्स की अंडर 30 सूची में जगह बनाई है। फिनटेक इनिशिएटिव से जुड़े अर्किन ने स्केलेबल वित्तीय उत्पादों के निर्माण में प्रमुख कारकों को रेखांकित किया है।**

■ **9 दिसम्बर, 2025 को ओडिशा विधानसभा ने विधायकों, पूर्व विधायकों, मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री और स्पीकर सहित अन्य पदाधिकारियों के वेतन-भत्तों में तीन गुना वृद्धि वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। विधायकों को मिलने वाला मासिक पैकेज अब 1.11 लाख रुपए से बढ़ाकर 3.43 लाख रुपए हो गया है। यह बढ़ोत्तरी जून, 2024 से प्रभावी होगी।**

■ **हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने भारत के एआई बुनियादी ढाँचे में 1.58 लाख करोड़ रुपए (17.5 अरब डॉलर) के निवेश की घोषणा की। यह निवेश वर्ष 2026 से 2029 के बीच होगा। यह एशिया में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। यह निवेश देश के क्लाउड और एआई बुनियादी ढाँचे, कौशल और चल रहे संचालन को आगे बढ़ाएगा।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **वाराणसी में रेलवे स्टेशन से काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोपवे कार सेवा शुरू की जा रही है। यह मई, 2026 तक शुरू हो जाएगी। शहर के भीतर चलने वाली यह देश की पहली रोपवे कार सेवा होगी। इससे स्टेशन से मंदिर तक की यात्रा 15-20 मिनट में पूरी होगी। इन 148 केबल कार से हर दिन करीब 1 लाख लोग सफर कर सकेंगे।**

## Newspaper of 11 December, 2025

■ **दिल्ली-एनसीआर की सुरक्षा में स्वदेशी एयर डिफेंस वेपन सिस्टम तैनात होगा; क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल से होगा लैस–**

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत जल्द ही स्वदेशी मल्टीलेयर्ड इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम तैनात करेगा, जो दुश्मन के मिसाइल, ड्रोन और तेज गति से उड़ने वाले लड़ाकू विमानों जैसे सभी हवाई खतरों से दिल्ली को सुरक्षा देगा। यह प्रणाली देश में विकसित क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल, वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य उन्नत उपकरणों पर आधारित होगी।

**सिस्टम** की जिम्मेदारी वायुसेना के पास होगी। डीआरडीओ उत्पादन एजेंसियों के साथ मिलकर जटिल नेटवर्किंग और कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम तैयार करेगा, जिनकी जरूरत एक बहु-स्तरीय एयर डिफेंस संरचना के लिए होती है।

दिल्ली की सुरक्षा के लिए मल्टीलेयर्ड इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आइएडीडब्ल्यूएस) की तैनाती भारत की आत्मनिर्भरता व रक्षा-सामरिक क्षमताओं को एक नई ऊँचाई देगी।

■ **यूनेस्को ने दिवाली को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया। सूची में यह देश की 16वीं विरातस बनी–**

10 दिसम्बर, 2025 को यूनेस्को की बैठक में 'दिवाली' को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया। सूची में यह देश की 16वीं विरासत बनी।

इस सूची में अभी निम्न शामिल हैं—कुंभ मेला, दुर्गा पूजा, नवरोज, योग, गरबा नृत्य, कालबेलिया नृत्य, छऊ नृत्य, मुडियेट्ट नृत्य, वैदिक मंत्रपाठ, संकीर्तन, बौद्ध पाठ, कुटियट्टम, रामलीला आदि।

**यूनेस्को ने इसलिए चुना–**

- खुशी का मौका है, जो अंधेरे पर रोशन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।
- परिवारों-समुदायों के लिए साथ आकर तोहफे, मिठाइयाँ बाँटने और जश्न मनाने का समय है।
- हर उम्र, जेंडर, पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। सबको साथ लेकर चलने को बढ़ावा देती है।
- साझी विरासत, पहचान की अभिव्यक्ति, जो सामाजिक रिश्तों का मजबूत करती है।
- स्थानीय अर्थव्यवस्था और रचनात्मक अभिव्यक्ति का समर्थन करती है।

**अब छट पर्व, वाल्मीकि रामायण अैर राम राजा मंदिर का प्रस्ताव–**

भारत ने यूनेस्को की 2027 की बैठक के लिए छठ पर्व, वाल्मीकि रामायण और ओरछा के राम राजा मंदिर का प्रस्ताव तैयार किया है।

■ **एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ के अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 7.2% कर दिया है। बैंक ने अपने अनुमान में यह बढ़ोतरी हाल में हुई टैक्स कटौती के कारण बढ़ी घरेलू खपत और दूसरी तिमाही में आए मजबूत जीडीपी के आँकड़ों को ध्यान में रखकर की है। जुलाई-सितंबर में देश में 8.2% जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो यह तिमाहियों में सबसे ज्यादा है।**

## Newspaper of 12 December, 2025

■ **हाल ही में मेक्सिको ने भारतीय सामान पर 50% टेरिफ लगा दिया है। इस लेटिन अमेरिकी देश की सीनेट ने भारत, चीन और कई अन्य एशियाई देशों से आने वाले सामानों पर 50% तक के बढ़े हुए टैरिफ को मंजूरी दे दी है। ये नए टैरिफ अगले साल से लागू होंगे।**

■ **हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने नेपाली रुपया और भारतीय रुपया के प्रचलन से संबंधित नियमों में बड़ा बदलाव (संशोधन) किया है। अब नेपाल में भारतीय रुपए के 200 व 500 मूल्य के नोट चलेंगे। इससे पहले नेपाल में बड़े मूल्य के भारतीय नोटों पर प्रतिबंध था। RBI के मुताबिक भारत से नेपाल या भूटान यात्रा करने वाले यात्री 25,000 रुपए तक की भारतीय मुद्रा अपने साथ ले जा सकेंगे। इनमें 200-500 के नोट शामिल होंगे। नेपाल-भूटान से भारत लौटते वक्त भी इसी सीमा तक भारतीय नोट लाना संभव होगा।**

## Newspaper of 13 December, 2025

■ **12 दिसम्बर, 2025 को पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटिल (90) का निधन हो गया। उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद गृहमंत्री से इस्तीफा दिया था। शिवराज पाटिल 1991-96 तक**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**लोकसभा स्पीकर और 2020-15 में पंजाब के गवर्नर व चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर रहे।**

**केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए;**

- **बीमा क्षेत्र में 100% FDI,**
- **परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी; 11,718 करोड़ मंजूर किए–**

12 दिसम्बर, 2025 का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी भागीदार के लिए खोलने से जुड़े दो अहम बिलों को मंजूरी दे दी।

सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआइ सीमा 100% करने वाले विधेयक को संसद में पास कराने की तैयारी कर ली है। सरकार का मानना है कि इसमें बीमा क्षेत्र में निवेश आएगा और लोगों को रोजगार के साथ सस्ती व बेहतर सेवाएँ भी मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले बजट में एफडीआइ सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में बीमा कानून 1938 में संशोधन कर विदेशी निवेश को पूरी तरह खोलने की तैयारी है। वर्ष 2000 में एफडीआइ की शुरुआत के बाद देश के बीमा क्षेत्र ने सितंबर, 2024 तक 82,847 करोड़ रुपए का निवेश आया है।

सरकार ने 2025 में बीमा क्षेत्र में एफडीआइ की सीमा 26% से बढ़कर 49 प्रतिशत कर दी थी। इसके बाद 2021 में इसे 74 प्रतिशत कर दिया था।

**शत-प्रतिशत एफडीआइ से यह फायदा–**

- **प्रतियोगिता बढ़ने से मिलेंगी सस्ती सेवाएँ**–सरकार का लक्ष्य 2047 तक हर नागरिक के लिए बीमा सुविधाओं का विस्तार करना है। एफडीआइ बढ़ने से नई कंपनियाँ आएंगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर और सस्ती सेवाएँ मिलेंगी।
- **रोजगार भी बढ़ेंगे**–निवेश बढ़ने से रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही बीमा बाजार में वित्तीय सेवाओं में पारदर्शिता भी आएगी। पॉलिसीधारकों के हितों को मजबूती देने और वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी।
- **निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता मिलेगी**–विधेयक में न्यूनतम पूँजी प्रावधान घटाने, संयुक्त बीमा लाइसेंस व एलआइसी अधिनियम में बदलाव जैसे प्रावधान हैं। एलआइसी के निदेशक मंडल को निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता मिलेगी।

■ **जनगणना के लिए 11,718.24 करोड़ मंजूर–**

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 11,718.24 करोड़ रुपए की लागत से देश में जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जनगणना दो चरणों में होगी। अप्रेल से सितंबर 2026 तक पहले चरणों में घरों की सूची बनेगी और आवास गणना होगी। दूसरे चरण में फरवरी, 2027 में असल जनगणना होगी।

लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के बर्फ से प्रभावित क्षत्रों व हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में सितंबर, 2026 में जनगणना होगी।

■ **देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल पैसेंजर बोट लॉन्च हुई–**

11 दिसम्बर, 2025 को देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल पैसेंजर बोट को केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने वाराणसी के नमो घाट से रवाना किया। यह बोट कोचीन शिपयार्ड ने तैयार की है। मंत्री सोनोवाल ने कहा कि इस बोट के साथ भारत अब चीन, नॉर्वे, नीदरलैंड और जापान जैसे उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो हाइड्रोजन चलित बोट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। शुरुआत में यह नमो घाट से रविदास घाट तक चलेगी। सुबह 7-8 बजे से हर दो घंटे में नई ट्रिप रवाना होगी। किराया 500 रु. है।

**विशेषताए–** ♦ **लंबाई**–24 मीटर ♦ **टेक्नोलॉजी**–पूरी तरह स्वदेशी ♦ **क्षमता**–50 यात्री ♦ **लागत**–17.50 करोड़ रु. ♦ **कैबिन**–एयर कंडीशंड ♦ **सफर क्षमता**–8 घंटे

■ **मुंबई एयरपोर्ट दुनिया के 30 ग्रीन एयरपोर्ट्स में शामिल–**

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (सीएसएमआईए) को एयरपोर्ट कार्बन एक्रेडिटेशन प्रोग्राम में लेवल-5 मान्यता मिली है, जो इस प्रणाली की सबसे ऊँची रैंकिंग है। सीएसएमआईए अब दुनिया के 30 चुनिंदा एयरपोर्ट्स में शामिल हो गया है, जिन्होंने कार्बन कटौती में उन्नत स्तर की परिपक्वता दिखाई है। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने जून 2022 में अपनी ईएसजी नीति लागू की थी, जिसे मई 2025 में अपडेट किया गया। इसके तहत स्कोप 1 और 2 उत्सर्जन में 90% से ज्यादा कटौती की गई है।

■ **केन्द्रीय कैबिनेट ने उच्च शिक्षा का सिंगल रेगुलेटर बिल 'विकसित भारत शिक्षा अधीक्षक विधेयक' को मंजूरी दी–**

12 दिसंबर, 2025 को देश में उच्च शिक्षा का सिंगल रेगुलेटर बनाने से जुड़े बिल को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी। यह यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई जैसी संस्थाओं की जगह लेगा। नई संस्था का नाम 'विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण' होगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित कानून पहले हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया (एचईसीआई) बिल था। अब नाम बदलकर विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण विधेयक कर दिया। इसकी स्थापना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत की जा रही है। अभी यूजीसी गैर-तकनीकी उच्च शिक्षा, एआईसीटीई

तकनीकी शिक्षा और एनसीटीई शिक्षक शिक्षा की नियामक संस्था है। चिकित्सा और विधि कॉलेज नई संस्था से बाहर रहेंगे। इसके तीन दायित्व रहेंगे, नियमन, मान्यता और पेशेवर मानकों का निर्धारण।

- **12 दिसम्बर, 2025 को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकार की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा दक्षिण अंडमान के जिले के एक पार्क में स्थापित की गई। इस दौरान वीर सावरकर पर गीत भी जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि सावरकर को 1911 में ब्रिटिश सरकार ने पोर्ट ब्लेयर (अब श्री विजयपुरम) की सेल्यूलर जेल में कैद किया था।**

## Newspaper of 15 December, 2025

- **स्टैनफोर्ड की ग्लोबल एआइ वाइब्रेंसी रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी एआइ देश बना–**

भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। स्टैनिफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआइ वाइब्रेंसी टूल की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी एआइ देश बन गया है। यह उपलब्धि दिखाती है कि भारत वैश्विक एआइ दौड़ में एक मजबूत दावेदार बन चुका है।

इस रैकिंग के अनुसार, अमरीका पहले स्थान पर है, जिसका स्कोर 78.6 है। चीन 36.95 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत ने 21.59 स्कोर हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह स्कोर यह दिखाता है कि भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। इनमें दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, जापान, कनाड़ा, जर्मनी और फ्रांस जैसे देश शामिल हैं। यह साबित करता है कि देश एआइ के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### रैकिंग का पैमाना

इसमें रिसर्च-डेवलपमेंट, कुशल एआइ प्रतिभा की उपलब्धता, निवेश, और उससे होने वाला आर्थिक प्रभाव, तकनीकी ढाँचा, जनता की सोच और सरकार की नीतियों को शामिल किया जाता है। इनको ध्यान में रखकर एआइ के अनुकूल माहौल का अनुमान लगाया गया है।

### एआइ वाइब्रेंसी स्कोर

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1. | अमरीका | **78.6** |
| 2. | चीन | **36.95** |
| 3. | **भारत** | **21.59** |
| 4. | द. कोरिया | **17.24** |
| 5. | ब्रिटेन | **16.64** |
| 7. | स्पेन | **16.37** |
| 8. | यूएई | **16.06** |
| 9. | जापान | **16.04** |
| 10. | कनाडा | **15.56** |
| 13. | फ्रांस | **14.63** |

## Newspaper of 16 December, 2025

- **पूर्व आइएएस अधिकारी राजकुमार गोयल देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) बने। 15 दिसम्बर, 2022 को उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद की शपथ दिलाई। उनके साथ आठ नए सूचना आयुक्तों ने भी शपथ ली। उल्लेखनीय है कि राजकुमार गोयल के नाम की सिफारिश पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने की थी।**

**भारत में 2026-27 में होने वाली जनगणना में प्रति व्यक्ति 82 रु. खर्च होंगे; 2011 के मुकाबले पांच गुना ज्यादा राशि–**

भारत में 2026-27 में होने वाली जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और इसमें प्रति व्यक्ति खर्च 82 रुपए तक पहुँच जाएगा। 2011 में यह खर्च सिर्फ 18 रुपए था, जबकि 2011 की टली हुई जनगणना के लिए 64 रुपए प्रति व्यक्ति का बजट तय किया गया था।

केन्द्र सरकार ने 2027 की जनगाना के लिए 11,718.24 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी है। यह जनगणना दो चरणों में होगी–पहले 2026 में मकानों की सूची और हाउसिंग जनगणना की जाएगी, फिर 2027 की शुरुआत में जनसंख्या की गिनती होगी।

### 2019 के बाद से महंगाई में करीब 29% की बढ़ोतरी

2021 की जनगणना के लिए 8,754.23 करोड़ रुपए का बजट तय हुआ था। हालांकि, यह कोरोना के कारण टल गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 के बाद से महंगाई में करीब 29% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि जनगणना का कुल खर्च 28% बढ़ा है। 2021 में जातिगत आंकड़े शामिल नहीं थे।

- **महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म कर उसकी जगह 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण' (वीबीजी-राम-जी) किया जाना प्रस्तावित–**

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म कर उसकी जगह 'विकसित

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण' (वीबीजी-राम-जी) किया जाना प्रस्तावित है। नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 के बजाय 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जाएगी। साथ ही फसल बुआई और कटाई के समय दो महीने का विशेष ब्रेक भी रखा जाएगा। मजदूरी का भुगतान अब 15 दिन के बजाय सात दिन में होगा। **केन्द्र सरकार** के मुताबिक पिछले 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया, लेकिन अब गाँवों की जरूरतें और कार्य-स्वरूप बदल चुके हैं।

**नए बिल के तहत मिलेगा यह लाभ**

- हर ग्रामीण परिवार के अकुशल श्रमिक को 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा
- फसल के समय ब्रेक से श्रमिकों की उपलब्धता बढ़ेगी, फर्जी मस्टरोल पर रोक लगेगी
- पंचायतों को योजना निर्माण की प्रमुख भूमिका होगी
- योजनाओं को पीएम गति शक्ति जैसे डिजिटल सिस्टम से जोड़ा जाएगा।
- जल संरक्षण और जल-आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आय में बढ़ोतरी होगी।

**मनरेगा बनाम 'वीबी जी-राम-जी'**

| प्रावधान | मनरेगा | वीबीरामजी |
|---|---|---|
| ♦ सालाना रोजगार | 100 दिन | 125 दिन |
| **फंडिंग पैटर्न (केन्द्र-राज्य)** | | |
| ♦ मजदूरी | 100%-00% | 60%-40% |
| ♦ सामग्री | 75%-25% | |
| ♦ फसल के समय ब्रेक | नहीं | दो माह |
| ♦ मजदूरी भुगतान | 15 दिन में | 7 दिन में |
| ♦ काम नहीं तो भत्ता | हाँ | हाँ |

**नोट**–पूर्वोत्तर राज्यों हिमालयी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 90 फीसदी-10 फीसदी

## ■ संसद में निरसन विधेयक पेश, 140 साल पुराना ट्राम कानून भी होगा रद्द–

सुशासन व कानूनी ढाँचे को सरल करने में लगी मोदी सरकार 71 पुराने व अप्रासंगिक कानून खत्म करने जा रही है। इसमें 140 साल पुराना भारतीय ट्राम कानून, 1886 भी शामिल है जो अंग्रेजों के शासन के समय से अस्तित्व में है व अब इसका कोई कानूनी या प्रशासनिक उपयोग नहीं है। कानूनों को समाप्त करने केन्द्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में निरसन एवं संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि जो 71 कानून समाप्त किए जा रहे हैं उनमें 65 कानून 2016 से 2023 के बीच यानी मोदी सरकार के कार्यकाल में ही बनवाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार डेढ़ हजार से ज्यादा अप्रासंगिक कानून खत्म कर चुकी है। तर्क है कि कानूनों की भीड़ से आम लोग परेशान होते हैं, दुविधा व गुमराह होने की स्थिति बन जाती है।

**Newspaper of 17 December, 2025**

## ■ भारत ने पहली बार बनाई 1.0 गीगाहट्र्ज की स्वदेशी चिप ध्रुव 64–

भारत ने पहली बार स्वदेशी 1.0 गीगाहट्र्ज माइक्रोप्रोसेसर बनाने में सफलता हासिल की है। इस देशी चिप का इस्तेमाल 5जी तकनीक में होगा। इसलिए इसे एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि मानी जा रही है। भारत के इस पूरी तरह स्वदेशी 1.0 गीगाहट्र्ज, 64-बिट डयूल-कोर माइक्रोप्रोसेसर ध्रुव 64 को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने बनाया है। माइक्रोप्रोसेसर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत तैयार यह चिप भारत को विदेशी चिप्स पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। खासकर रक्षा, अंतरिक्ष और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में यह उपयोगी होगी। ध्रुव 64 रिस्क-वी तकनीक पर आधारित है और यह डिजिटल इंडिया रिस्क-वी प्रोग्राम का हिस्सा है। इसकी मदद से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग में दुनिया का केन्द्र बना सकता है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है। ध्रुव 64 आधुनिक आर्किटेक्चरल विशेषताओं पर आधारित है, जिन्हें विभिन्न अनुप्रयोगों में उच्च दक्षता, बेहतर मल्टीटास्किंग क्षमता और बेहतर विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## ■ पीएम मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान मिला, अब तक 28 देशों ने नवाजा–

16 दिसम्बर, 2025 को पीएम नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा की आधिकारिक यात्रा के दौरान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इथियोपिया के पीएम अबिय अहमद अली ने एक विशेष समारोह में प्रदान किया। 17 दिसम्बर, 2025 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इथियोपिया की संसद को संबोधित किया। इसके साथ ही यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहाँ पीएम मोदी ने अपना संबोधन दिया। इथियोपिया के इस अवार्ड के साथ ही पीएम मोदी को अब तक दुनिया को अलग-अलग देशों से करीब 28 सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुके हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इससे पहले, पीएम मोदी ने जॉर्डन की राजधानी अम्मान में जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला-2 से खास मुलाकात की। क्राउन प्रिंस मोदी को जॉर्डन म्यूजियम तक खुद गाड़ी चलाकर ले गए।

- **16 दिसम्बर, 2025 को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी को राज्य का 23वां जिला घोषित कर दिया। अब तक हांसी हिसार जिले का हिस्सा था। हरियाणा सरकार ने इससे पहले 1 दिसम्बर, 2016 को चरखी दादरी को 22वां जिला घोषित किया था।**

- **देश में 20 हाईटेक साइबर फ्यूजन सेंटर बनेंगे; प्रदेश के 5 भिवाड़ी, अलवर, खैरथल-तिलारा, डीग व सवाईमाधोपुर चयनित हुए–**

बढ़ते साइबर अपराधों पर त्वरित, तकनीक आधारित और समन्वित कार्रवाई के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय देशभर में 20 हाईटेक साइबर फ्यूजन सेंटर स्थापित करने जा रहा है। इसमें राजस्थान के 5 पुलिस जिले भिवाड़ी, अलवर, खैरथल-तिजारा, डीग और सवाई माधोपुर को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। इन जिलों से हाल के वर्षों में ऑनलाइन निवेश फ्रॉड, फर्जी कॉल सेंटर, बैंकिंग ठगी, मनी-म्यूल अकाउंट और सोशल मीडिया ब्लेकमेलिंग के मामलों में तेज बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इन इलाकों में सक्रिय ठग दूसरे जिलों और राज्यों में बैठे लोगों को ठगते हैं। औद्योगिक, शहरीकरण और इंटरस्टेट मूवमेंट के कारण भिवाड़ी, अलवर और डीग बेल्ट साइबर अपराधियों का हॉटस्पॉट बनकर उभरा है।

फ्यूजन सेंटर आधुनिक साइबर कंट्रोल रूम के रूप में विकसित किए जाएंगे, जहाँ रियल-टाइम मॉनिटरिंग, डेटा एनालिसिस, आईपी और लोकेशन ट्रेसिंग, मोबाइल फॉरेंसिक और एआई आधारित एनालिसिस के जरिए जाँच और कार्रवाई की रफ्तार कई गुना बढ़ेगी। बैंक, टेलीकॉम कंपनियों, एनसीआरपी, केवाईसी और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस से जुड़े डेटा का एकीकृत उपयोग होगा, जिससे शिकायत मिलते ही संदिग्ध नेटवर्क की मैपिंग और लोकेशन अलर्ट संभव होगा। पूरे राज्य की सपोर्ट के लिए जयपुर में राज्य स्तरीय सेंटर भी स्थापित किया जाएगा, जो चयनित जिलों के सेंटरों से समन्वय करेगा।

**प्रदेश में इस साल 1.14 लाख लोगों से ठगे गए 678 करोड़**

भिवाड़ी, डीग, अलवर बेल्ट क्यों प्राथमिकता में; एनसीआर और मेवात सटे होने, औद्योगिक क्लस्टर, बड़ी वर्कफोर्स और डिजिटल लेनदेन की अधिकता के कारण इस बेल्ट से फर्जी निवेश ऐप, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, कूरियर/केवाईसी अपडेट ठगी और सोशल मीडिया आधारित ब्लैकमेलिंग तेजी से बढ़ी है।

**Newspaper of 18 December, 2025**

- **'होमबाउंड' ऑस्कर की टॉप-15 बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म में शामिल हुई–**

फिल्मकार नीरज घवान की दूसरी फीचर फिल्म 'होमबाउंड' ने ऑस्कर की बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म श्रेणी में टॉप-15 फिल्मों में जगह बनाई है।

मौजूदा शॉटलिस्ट प्रणाली के तहत इस मुकाम तक पहुँचने वाली यह पहली भारतीय फिल्म है। 2002 में आशुतोष गोवारिकर की 'लगान' को इस श्रेणी में नामांकन मिला था, लेकिन तब शॉर्टलिस्ट की व्यवस्था नहीं थी। पहले केवल महबूब खान की 'मदर इंडिया' (1957) और मीरा नायर की 'सलाम बॉम्बे!' (1988) ही इस श्रेणी में नामांकित हो पाई थी। ऑस्कर समारोह 15 मार्च, 2026 को आयोजित होगा।

- **हाल ही में भारत की पहली मिस इंडिया मेहर कैस्टेलिनो (81) का निधन हो गया। उन्हें 1964 में पहली बार मिस इंडिया का खिताब मिला था। उन्होंने फैशन और ब्यूटी पेजेंट की दुनिया में भारतीय महिलाओं के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का रास्ता बनाया। बाद में उन्होंने फैशन पत्रकारिता में भी अहम योगदान दिया।**

- **केन्द्र सरकार 1 जनवरी, 2026 से देश की पहली कोऑपरेटिव टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' लॉन्च करेगी। जीरो-कमीशन मॉडल पर आधारित ऐप का संचालन सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड करेगी।**

- **कुनार नदी का पानी मोड़ने को काबुल ने सैद्धांतिक मंजूरी दी–**

हाल ही में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कुनार नदी के पानी को नांगरहार प्रांत के दारुंता डेम की ओर मोड़ने की योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। काबुल स्थित आर्थिक आयोग की तकनीकी समिति की बैठक में कुनार नदी से पानी को गंबीरी रेगिस्तान के रास्ते दारुता डैम तक स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को चर्चा के बाद मंजूरी दी गई। कुनार नदी अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान का मुख्य जल स्रोत है।

उल्लेखनीय है कि भारत ने अप्रेल, 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इससे खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में पानी की कमी हो सकती है। भारत के साथ सिंधु संधि के विपरीत, कुनार-काबुल के पानी के बंटवारे पर दोनों देशों में कोई संधि नहीं है।

- **एक देश, एक चुनाव : जेपीसी की बैठक**

17 दिसम्बर, 2025 को 'एक देश, एक चुनाव' (वन नेशन, वन इलेक्शन) पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पी.पी. चौधरी ने की। बैठक में हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा

कोष (आइएमएफ) की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से देश का महत्त्वपूर्ण मैक्रो-इकोनॉमिक लाभ मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की संख्या कम होने से आर्थिक अनिश्चितता घटेगी और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। गोपीनाथ के अनुसार, 'एक देश, एक चुनाव' के संयुक्त प्रभाव से जीडीपी में लगभग 1.5 प्रतिशत की वृद्धि संभव है, जो करीब 4.5 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त आर्थिक उत्पादन के बराबर होगी।

**पीएम** आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' से चुनावों की आवृत्ति और लागत दोनों घटेंगी। सान्याल के अनुसार, एक साथ चुनाव से नीतिगत निरंतरता, केन्द्र-राज्य समन्वय व सरकारी स्थिरता मजबूत होगी, जिससे दीर्घकालिक फैसलों और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा।

## Newspaper of 19 December, 2025

### ■ भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता हुआ; जून तिमाही 2026 से लागू होगा–

18 दिसंबर, 2025 को भारत और ओमान ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसमें ओमान में भारत के 99% निर्यात को ड्यूटी-फ्री पहुँच मिलेगी, जिसमें कपड़ा, कृषि और चमड़ा उत्पाद शामिल है। दूसरी ओर ओमान से आने वाले खजूर, मार्बल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर भारत शुल्क में कटौती करेगा। यह समझौता अगले वित्त वर्ष 2026-27 की पहली (जून) तिमाही से लागू होने की उम्मीद है।

इस मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत ओमान को अपनी कुल 12,556 टैरिफ लाइनों में से 77.79% पर शुल्क में ढील देगा, जो मूल्य के हिसाब से ओमान से भारत के 94.81% आयात को कवर करता है। ओमान के निर्यात हित वाले और भारत के लिए संवेदनशील उत्पादों जैसे खजूर, मार्बल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा आधारित रियायत देने की पेशकश की है। भारत ने कृषि-डेयरी सहित कुछ संवेदनशील उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा है, जिनमें ओमान को कोई छूट नहीं दी जाएगी। इसमें 2,789 टैरिफ लाइनें हैं, जिनमें डेयरी प्रोडक्ट्स, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोने-चांदी की ईंटें और ज्वैलरी, चॉकलेट्स, जूते और स्पोर्ट्स गुड्स जैसे सामान हैं। साथ ही कई बेस मेटल्स के स्क्रैप शामिल हैं।

#### 17 देशों से एफटीए

**भारत** ने ओमान, श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, कोरिया, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, 10 देशों वाले आसियान ब्लॉक और चार यूरोपीय देशों (ईएफटीए) से व्यापार समझौते किए हैं। अमरीका, ईयू, चिली, पेरू न्यूजीलैंड, चिली से वार्ता हो रही।

#### भारतीय पेशेवरों की आवाजाही होगी आसान

**ओमान** ने मोड-4 (कुशल पेशेवरों की आवाजाही) को लेकर नियम आसान किया है। इंट्राकॉर्पोरेट ट्रांसफर कोटा 20% से बढ़ाकर 50% किया गया है। कॉन्ट्रॉक्चुअल वर्कर्स के लिए रहने की अवधि 90 दिन से बढ़ा 2 साल किया है, इसे और 2 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

### ■ जयपुर, अलवर, भिवाड़ी, भूकम्प के हाई रिस्क जोन में–

हाल ही में ब्यूरो ऑफ इंडिया स्टैण्डर्ड ने भूकम्प को लेकर देश के नए रिस्क घोषित किए हैं। अब जयपुर अलवर, भिवाड़ी हाई रिस्क जोन में हैं। इस जोन के शहरों में 5 से 6 रिक्टर स्केल तक के भूकम्प आ सकते हैं। जयपुर 2016 तक माइल्ड डेमेज रिस्क जोन-2 में था। अब जयपुर, अलवर, भिवाड़ी को जोन 4 में शामिल किया गया है। 2016 तक बीकानेर जोन 3, अजमेर, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर जोन 2 में थे।

### ■ गणतंत्र दिवस पर उर्सुला और कोस्टा विशेष मेहमान होंगे–

2026 की गणतंत्र दिवस परेड में इस बार यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सूला वॉन्डर लायन और यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं। दोनों शीर्ष नेता भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए भी भारत आ रहे हैं। इसका आयोजन 26 जनवरी के आस-पास होना है। 26 जनवरी 2025 को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुषियाटो मुख्य अतिथि थे।

## Newspaper of 21 December, 2025

### ■ इसरो ने क्रू मॉडलिंग की लैंडिंग के समय गति कम करने के लिए ड्रोग पैराशूट प्रणाली की दक्षता का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया–

देश के महत्त्वकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने क्रू मॉड्यूल की लैंडिंग के समय गति कम करने के लिए ड्रोग पैराशूट प्रणाली की दक्षता का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने कहा है कि परीक्षण शृंखलाबद्ध तरीके से पूरा किया गया।

20 दिसम्बर, 2025 को इसरो ने बताया कि चंडीगढ़ में टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड (आरटीआरएस) केन्द्र में परीक्षण पूरा किया गया। रेल ट्रैक पर जब स्लेड ने 600 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी, तब ड्रोग पैराशूट खुला और उसकी गति कम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

करते हुए सफलतापूर्वक रोका। अंतरिक्ष यात्रा के बाद जल सतह पर स्पलैशडाउन लैंडिंग के लिए लौटते क्रू मॉड्यूल को स्थिरता प्रदान करने और गति सुरक्षित स्तर पर कम करने में ड्रोग पैराशूट की अहम भूमिका होगी।

■ **पूर्व अग्निवीर को अब BSF में 50 फीसदी आरक्षण मिलेगा–**

हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10% से बढ़ाकर 50% कर दिया है। इसके लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जनरल ड्यूटी कैडर (नान गेजेटेड) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन किया है। पूर्व-अग्निवीरों को 3 साल की छूट मिलेगी। फिजिकल स्टेंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफिशिऐंसी टेस्ट से भी छूट दी जाएगी।

## Newspaper of 22 December, 2025

■ **'टाइम' पत्रिका ने 2025 की सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों में सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी की तस्वीर को 'फोटो ऑफ द ईयर' चुना–**

हाल ही में 'टाइम' पत्रिका ने 2025 की सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों में सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी की तस्वीर को 'फोटो ऑफ द ईयर' चुना है। 'टाइम' पत्रिका ने 2025 की सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों में इस खास लैंडिंग को शामिल किया है। इस तस्वीर में चार विशाल पैराशूट उस छोटे काले कैप्सूल की रफ्तार कम कर रहे हैं, जिसमें सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर सवार हैं। तस्वीर काफी ऊपर से ली गई है।

उल्लेखनीय है कि 5 जून, 2025 के मध्य 8 दिन के लिए गए ये यात्री स्टार लाइनर में खराबी के कारण फंस गए थे। आखिरकार 288 दिन के लंबे इंतजार के बाद, 18 मार्च को इन पैराशूट की मदद से वे फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतरे।

## Newspaper of 23 December, 2025

■ **न्यूजीलैंड में भारतीय सामान टैरिफ मुक्त; 3 साल काम कर सकेंगे छात्र, 5 हजार स्किल्ड वीसा भी–**

हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड निर्यात होने वाले किसी भी भारतीय सामान पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। इससे भारतीय कपड़े, जूते-चप्पल, इंजीनियरिंग, फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प, आभूषण जैसे सामान वहाँ आसानी से बिक सकेंगे। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड दोनों देशों ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौते को फाइनल कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने इसकी घोषणा की है। भारत भी समझौते के पहले दिन से न्यूजीलैंड के 54.11% उत्पाद टैरिफ मुक्त रखेगा। 10 साल में यह 79% तक पहुँचेगा। समझौता 7-8 माह में लागू हो सकता है। यह पहला एफटीए है, जिसमें भारत की ओर से सभी वार्ताकार महिलाएँ थीं। इनमें मुख्य वार्ताकार पेटल ढिल्लों थीं। यह किसी देश के साथ हुआ भारत का सबसे तेज (9 माह में) एफटीए है। न्यूजीलैंड 15 साल में भारत में 1.8 लाख करोड़ निवेश करेगा। भारत ने न्यूजीलैंड के डेयरी सेक्टर को रियायत नहीं दी है।

**भारत को यह लाभ**

- भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड में फल, सब्जियाँ, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड बेचने का अवसर।
- निर्यातकों को टैरिफ मुक्त व नियमों से राहत के साथ व्यापार की सुविधा।
- डॉक्टर-इंजीनियर-शिक्षक-नर्स को अवसर : हर साल 1667 भारतीय पेशेवरों को तीन साल का वर्क परमिट।
- वर्किंग हॉलिडे स्कीम : भारतीय पर्यटकों को सुविधा, हर साल 1000 स्थानों की पेशकश इसी साल ब्रिटेन व ओमान के बाद न्यूजीलैंड के साथ भारत का यह तीसरा व्यापार समझौता है। इससे पहले कुछ वर्षों में भारत ने श्रीलंका, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, जापान, मॉरीशस, द. कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ईएफटीए देश (स्विट्जरलैंड, नार्वे, आइसलैंड, लिंचेस्टीन) से व्यापार समझौते किए हैं। 10 आसियान देशों से भी समझौते हैं।

**3 वर्षों में भारत-न्यूजीलैंड के बीच कुल व्यापार**

- 2024-2.7 बिलियन डॉलर
- 2023-1.75 बिलियन डॉलर
- 2022-1.50 बिलियन डॉलर

**क्या होता है एफटीए**

**एफटीए** दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसा समझौता है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को सुगम बनाने के लिए आयात शुल्क मुक्त या छूट के साथ निवेशकों के संरक्षण, बौद्धिक संपदा और अन्य नियामकीय छूट दी जाती है।

## Newspaper of 24 December, 2025

■ **चीन भारतीयों को देगा ऑनलाइन वीजा, वीजा एप्लीकेशन सिस्टम लॉन्च किया, कागज जमा करना आसान होगा–**

दिल्ली स्थित चीनी दूतावास अब भारतीयों को ऑनलाइन वीजा देगा। इसके लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। नए सिस्टम के बाद अब भारतीय

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

नागरिकों को पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी। दूतावास ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसंबर, 2025 से शुरू कर दी गई है।

नई प्रणाली के तहत आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भरना और दस्तावेज अपलोड करने होंगे। यह सुविधा टूरिस्ट, बिजनेस, स्टूडेंट और वर्क वीजा के लिए उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया के ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी।

## ■ भारत ने पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण किया; 3,500 किलोमीटर तक परमाणु हमला करने में सक्षम है के-4–

23 दिसंबर, 2025 को भारत ने पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली मिसाइल के-4 का सफल परीक्षण किया। यह टेस्ट बंगाल की खाड़ी में अरिहंत क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन से किया गया। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम इस मिसाइल की मारक क्षमता 3500 किलोमीटर है।

### आकाश-एनजी का परीक्षण सफल

23 दिसम्बर, 2025 को ही डीआरडीओ ने ओडिशा की चांदीपुर रेंज में एयर डिफेंस सिस्टम आकाश के नए एनजी वर्जन का सफल परीक्षण किया। सरफेस टू एयर हमला करने में सक्षम इस मिसाइल की रेंज 70 से 80 किलोमीटर है। हवा से आने वाले खतरे को यह मिसाइल 30 मीटर से लेकर 20 किलोमीटर तक की ऊँचाई पर नष्ट कर सकती है। यह मिसाइल एक साथ 10 लक्ष्यों को ट्रैक कर 2.5 मैक की रफ्तार से दुश्मन की मिसाइल, फाइटर जेट और ड्रोन को मार गिरा सकती है।

## ■ देश में तीन नई एयरलाइंस को सरकार ने मंजूरी दी–

हाल ही में केन्द्र सरकार ने तीन नए एयरलाइंस को मंजूरी दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किया है। अल हिन्द एयर और फ्लाई-एक्सप्रेस को एनओसी मिला है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की शंख एयर को पहले ही मंत्रालय से एनओसी मिल गया था। इस एयरलाइंस का परिचालन साल 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। सरकार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट में बढ़ते डुओपॉली को लेकर चिंताओं के बीच कॉम्पिटिशन को बढ़ावा देना चाहती है।

**Newspaper of 25 December, 2025**

## ■ विजय हजारे ट्रॉफी में सितारों ने रिकॉर्ड तोड़े, वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा सेंचुरियन, 84 गेंद में बनाए 190 रन–

24 दिसंबर, 2025 को विजय हजारे ट्रॉफी में कई रिकॉर्ड टूटे। सबसे बड़ा रिकॉर्ड रांची में खेले गए बिहार और अरुणाचल प्रदेश के मैच में बना। यहाँ बिहार ने 50 ओवर में 574 रन बना दिए। यह लिस्ट ए क्रिकेट में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इस स्कोर में अहम योगदान 14 साल के बिहार के ओपनर वैभव सूर्यवंशी का रहा।

- **विस्फोटक :** वैभव ने 36 गेंद पर शतक लगाया। 84 गेंदों में 190 रन, इनमें 15 छक्के हैं।
- **सबसे युवा :** लिस्ट ए (50 ओवर क्रिकेट) में सबसे युवा (14 साल 272 दिन) शतकवीर बन गए हैं।
- **सबसे तेज :** 150 रन, सबसे कम गेंद (59) में बनाए। डिविलियर्स (64 गेंद) का रिकॉर्ड तोड़ा।

**39 साल की उम्र में रोहित का शतक–**रोहित शर्मा की उम्र 39 साल है और वे दुनिया के नंबर-1 बैट्समैन हैं। रोहित ने 8 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए मुंबई के लिए शतक बनाया। एसएमएस स्टेडियम में सिक्किम के खिलाफ उन्होंने 94 गेंदों में 155 रन की पारी खेली।

## ■ इसरो ने अपने बाहुबली प्रक्षेपन यान एलवीएस-3 से पहली बार 6100 किलोग्राम से ज्यादा वजनी उपग्रह का सफल परीक्षण किया।

24 दिसंबर, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने बाहुबली प्रेक्षण यान एलवीएम-3 से पहली बार 6100 किलोग्राम से ज्यादा वजनी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। अमरीकी उपग्रह ब्लूबर्ड-6 के प्रक्षेपण से न केवल पृथ्वी पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, और डेटा सेवाएँ उपलब्ध होंगी, बल्कि भारत की अंतरिक्ष इकोनॉमी को नई ताकत मिलेगी। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से एलवीएम-3 एम-6 ने निर्धारित समय 8.54 बजे उड़ान भरी और 16 मिनट बाद ब्लूबर्ड को 5.20 किमी. वाली वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया। पीएसएलवी-3 से स्वदेशी धरती पर प्रक्षेपित किया जाने वाला यह अब तक का सबसे वजनी उपग्रह है। इससे पहले एलवीएम-3 से 2 नवम्बर को 4400 किग्रा वजनी नौसेना उपग्रह सीएमएस-03 का सफल प्रक्षेपण किया था। इदस उपलब्धि ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं को और मजबूत किया है।

### उपग्रहों से सीधे जुड़ेंगे स्मार्टफोन

**टैक्सास** स्थित अमरीकी कंपनी एएसटी मोबाइल का उपग्रह ब्लूबर्ड-6 सीधे स्मार्ट फोन तक 4 जी और 5 जी इंटरनेट, वॉयस, वीडियो कॉल, टैक्स्ट, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएँ प्रदान करेगा। इससे संचार क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की उम्मीद

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

है, क्योंकि अभी तक केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए सैटेलाइट हैंडसेट से ही उपग्रहों के जरिए संचार संभव था।

- **तमिलनाडु के इंजीनियरिंग छात्रों की एक टीम ने नासा के इंटरनेशनल स्पेस एप्स चैलेंज, 2025 में दुनियाभर के 18 हजार से ज्यादा प्रोजेक्टस को पछाड़ते हुए 'मोस्ट इंस्पिरेशनल' अवार्ड जीता है। इस टीम ने 'फोटॉनिक्स ओडिसी' या 'आकाशनेट' नाम से एक प्रोजेक्ट तैयार किया है, जिसका मकसद भारत के सबसे दूर-दराज गाँवों तक सस्ता और तेज सैटेलाइट इंटरनेट पहुँचाना है।**

## Newspaper of 26 December, 2025

- **मुंबई स्थित नवी मुम्बई एयरपोर्ट शुरू हुआ–**

25 दिसंबर, 2025 से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (NMIA) से विमानों का आवागमन शुरू हो गया। इंडिगो एयरलाइंस की बैंगलुरु की पहली उड़ान सुबह आठ बजे रनवे पर उतरी। विमान को वॉटर कैनन सैल्यूट देकर स्वागत किया गया। अभी एयरपोर्ट पर सुबह आठ से रात आठ बजे तक उड़ानों का संचालन शुरू किया गया है। प्रतिदिन कुल 24 उड़ानें संचालित की जाएंगी। यह उड़ानें जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद, नागपुर, बैंगलुरु, मंगलुरु, गोवा, हैदराबाद और नांदेड़ जैसे शहरों के लिए होंगी। नवी मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो, अकासा एयर, स्टार एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस घरेलू उड़ानें संचालित करेंगी।

- **अहमदाबाद में कांकरिया कार्निवाल शुरू हुआ; देश के 20 राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी–**

25 दिसम्बर, 2025 से गुजरात के अहमदाबाद में कांकरिया कार्निवल शुरू हो गया है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इस साल आयोजन के दौरान आने वाले हर नागरिक को 10 लाख रुपए का बीमा कवर दिया गया है। कार्निवल में देश के 20 राज्यों की सांस्कृतिक झांकियाँ प्रस्तुत की जा रही हैं, जो भारत की विविधता और लोक संस्कृति को दर्शाती है। कांकरिया झील और इसके आसपास के पूरे क्षेत्र को एलईडी लाइटिंग से सजाया गया है, जिससे रात के समय झील का नजारा बेहद मनमोहक दिखता है। लेजर शो, म्यूजिकल फाउंटेन और रंगीन रोशनी दर्शकों को खास आकर्षित कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांकरिया झील करीब 600 साल पुरानी है। इसका निर्माण सुल्तान महमूद बेगड़ा ने 1451 में कराया था।

## Newspaper of 27 December, 2025

- **देश की 11 एयरपोर्ट को निजी क्षेत्र में देने की विमानन मंत्रालय ने मंजूरी दी–**

**ये हवाई अड्डे सौंपेंगे**

- **ये बड़े एयरपोर्ट :** अमृतसर, वाराणसी, भुवनेश्वर, रायपुर, तिरुचिरापल्ली।
- **ये छोटे हवाई अड्डे :** कुशीनगर, गया, हुबली छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), जबलपुर और तिरुपति।

देश में वाराणसी, रायपुर व जबलपुर सहित 11 और हवाई अड्डों का संचालन सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल (पीपीपी) के तहत निजी क्षेत्र को सौंपने की तैयारी है। हाल ही में नागर विमानन मंत्रालय ने समीक्षा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। देश में दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु व जयपुर समेत 14 हवाई अड्डे पहले से ही निजी क्षेत्र में संचालित किए जा रहे हैं।

नए हवाई अड्डों को बोली के आधार पर निजी क्षेत्र को सौंपा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि छोटे हवाई अड्डों को भी संचालन के लिए आर्थिक रूप से संभाव्य (वायबल) बनाने के लिए ऐसा फार्मूला बनाया जा रहा है जिसके तहत बड़े हवाई अड्डे को पास के बड़े हवाई अड्डे के साथ जोड़कर प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। इसके बाद संयुक्त इकाई को बोली प्रक्रिया के माध्यम से निजी कंपनियों से बोली मांगी जाएगी। भारत में निजी कंपनियो को एयरपोर्ट संचालन सौंपने की शुरुआत 2006 में दिल्ली व मुंबई एयरपोर्ट से हुई थी।

- **बालानंद शर्मा नेपाल के नए विदेश मंत्री बने–**

रिटायर्ड सैन्य अधिकारी बालानंद शर्मा को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उन्हें शपथ दिलाई। अंतरिम सरकार की मुखिया सुशीला कार्की का पांचवां मंत्रिमंडल विस्तार है। अब कार्की मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 15 हो गई है।

- **देश में पहली बार हथियारों का डेटाबेस लॉन्च; रियल टाइम जानकारी मिलेगी–**

हाल ही में आतंकवाद, उग्रवाद और संगठित अपराध के खिलाफ देश में पहली बार हथियारों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस लॉन्च किया गया है। इसका नाम 'लॉस्ट, लूटेड एंड रिकवर्ड फायरआर्म' रखा है। 26 दिसंबर, 2025 से इसे गृहमंत्री अमित शाह ने NIA के 'एंटी-टेररकॉन्फ्रेंस-2025' के उद्घाटन सत्र में लॉन्च किया। इससे एजेंसियों को रीयल टाइम में जानकारी मिल सकेगी। इसमें राज्य पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र बलों के वे हथियार दर्ज किए जाऐंगे, जो चोरी हुए, लूटे गए, गुम हुए या फिर बरामद किए गए हैं।

## Newspaper of 28 December, 2025

- **चीन में तैयार की 22.13 किमी की सबसे लंबी हाईवे सुरंग–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

चीन अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को जिस रफ्तार और जिस पैमाने पर विकसित कर रहा है। वह कई बार इंजीनियरिंग के चमत्कार जैसा होता है। एक ऐसा ही इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना चीन ने शिनजियांग उइगर ऑटोनॉमस क्षेत्र में तैयार किया है। यहाँ दुनिया की सबसे लंबी हाईवे वे टनल को खोल दिया गया है। तियानशान शेंगली टनल की लंबाई 22.13 किलोमीटर है। चीनी अधिकारियों के अनुसार यह दुनिया की सबसे लंबी हाई वे टनल है। यह टनल चीन में बेहद दुर्गम तियानशान पर्वत माला के आरपार बनाई गई है। यह सुरंग 324.7 किमी लंबे उरुमकी-युली एक्सप्रेसवे का हिस्सा है जिसे बनाने में पांच वर्ष का समय लगा है।

इस सुरंग की खासियत है कि यह अधिकतम 1,112 मीटर की गहराई तक जाती है और 16 भूवैज्ञानिक-फॉल्ट जोन से होकर गुजरती है। इसे दुनिया के सबसे मुश्किल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में से एक माना जा रहा है।

## Newspaper of 30 December, 2025

- **29 दिसंबर, 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज ( आइटीआर ) से लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट सिस्टम पिनाका का पहला सफल परीक्षण किया। इस रॉकेट की रेंज 120 किलोमीटर तक है। स्वदेशी पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट प्रणाली न सिर्फ लंबी दूरी तक सटीक हमला करने में सक्षम है, बल्कि आधुनिक युद्ध की बदलती जरूरतों के अनुरूप कई खूबियों से लैस है। यह सीमापार आतंकी लॉन्च पैड और दुश्मन की अग्रिम चौकियों के लिए काल बनेगा।**

- **2000 साल पुरानी तकनीक, बिना इंजन-जीपीएस वाला जहाज 'आइएनएस कौंडिन्य' पहली विदेश यात्रा पर रवाना हुआ–**

  29 दिसंबर, 2025 को भारतीय नौसेना का पोत आइएनएसवी कौडिन्य अपनी पहली विदेशी समुद्री यात्रा पर रवाना हुआ। यह जहाज गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट तक 1400 किमी की यात्रा पर जाएगा। इसमें सफर 15 दिन का होगा तथा 16 क्रू मेंबर्स सवार होंगे। यह यात्रा उन प्राचीन समुद्री मार्गों से गुजरेगी जो कभी भारत को पश्चिम एशिया से जोड़ते थे। इस अभियान का मकसद एक हजार साल से भी पुरानी पारंपरिक जहाज निर्माण तकनीक की क्षमता को परखना है। कौंडिन्य, जिसका निर्माण 2000 साल पुरानी तकनीक से किया गया है। इसके लकड़ी के तख्तों का नारियल की रस्सी से सिला गया है। इसमें इंजन या कोई आधुनिक सिस्टम नहीं हैं। जहाज केवल हवा और पाल के सहारे समुद्र में आगे बढ़ेगा। इस जहाज की लंबाई 65 फीट, चौड़ाई 22 फीट, ऊँचाई 13 फीट तथा वजन 50 टन है।

  जहाज का डिजाइन अजंता की गुफाओं की चित्रकारी, प्राचीन ग्रंथो और विदेशी यात्रियों के विवरणों से प्रेरित है। आइआइटी मद्रास जैसे संस्थानों ने इसे बनाने में मदद की। कौंडिन्य पर समुद्री विरासत से जुड़े कई प्रतीक हैं, जैसे-कदंब वंश का गंडभेरुंड, पालों पर सूर्य चिह्न, आगे की ओर सिंह-याली आकृति और डेक पर हड़प्पा शैली का पत्थर का लंगर।

  इस खास जहाज में रहने, खाने-पीने और शौचालय तक की व्यवस्था प्राचीन काल जैसी ही है। खाने की सब्जियाँ बिना फ्रीज के रखी गई हैं। मटकों में पूरी यात्रा का पीने का पानी रखा है। क्रू में कमांडर सहित 4 अधिकारी सहित 13 नौसेनिक शामिल हैं। खराब मौसम के वक्त नीचे बने डेक में जा सकते हैं। सूखा राशन स्टोर किया गया है। खाना पकाने के लिए स्टोव है।

  इस जहाज का नाम कौंडिन्य नामक एक प्रसिद्ध भारतीय नाविक के नाम पर रखा गया है, जिनका उल्लेख दक्षिण-पूर्व एशियाई और चीनी अभिलेखों में मिलता है। कहा जाता है कि उन्होंने पहली शताब्दी में मेकोंग डेल्टा तक यात्रा की और कंबोडिया के प्राचीन फुनान साम्राज्य की स्थापना में भूमिका निभाई। पोरबंदर से मस्कट तक का मार्ग कभी व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रमुख केन्द्र था।

## Newspaper of 31 December, 2025

- **हाल ही में 18 वर्षीय काम्या कार्तिकेयन दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाली सबसे युवा भारतीय महिला बनीं हैं। उन्होंने स्की करते हुए साउथ पोल पहुँचकर इतिहास रचा है। वे सबसे कम उम्र में ऐसा करने वाली दुनिया की दूसरी और भारत की पहली महिला बन गयी हैं। काम्या कार्तिकेयन की माँ एक नेवी अफसर है और वे स्वयं नेवी चिल्ड्रन स्कूल की पूर्व छात्रा हैं।**

- **हाल ही में गूगल ने एक नया फीचर शुरू किया है। इसके तहत अब अपनी मौजूदा @gmail.com ईमेल आईडी को किसी नई जीमेल आइडी में बदल सकेंगे, वो भी बिना किसी 'डेटा लॉस' के। यानि यूजर की पुरानी आईडी से जुड़ी सभी जानकारी जैसे फोटो, मैसेज और ईमेल्स सुरक्षित रहेंगी। गूगल के मुताबिक जब यूजर जब अपनी जीमेल आइडी बदलेगा, तब पुरानी आईडी को एक ऐलियस ( उपनाम ) के रूप में सेट कर दिया जाएगा। यानि यूजर नई और पुरानी दोनों आईडी से जीमेल, यूट्यूब, मैप्स और ड्राइव जैसी गूगल सेवाओं में लॉगिन कर सकेगा।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **हाल ही में भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीडीपी 4.18 ट्रिलियन डॉलर या 347 लाख करोड़ रुपए पहुँच गयी है। इस तरह भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत सरकार के अनुसार मौजूदा रफ्तार जारी रही तो ढाई से तीन साल में जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा और तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्ष 2030 तक जीडीपी 7.3 ट्रिलियन डॉलर या 606 लाख करोड़ रुपए तक पहुँचने का अनुमान है। सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 8.2% बढ़ी है।**

- **देश की तीनों सेनाओं में प्रयोग किए जाने वाले स्वदेशी ध्रुव हेलिकॉप्टर में अब आम लोग भी सफर कर सकेंगे–**

देश की तीनों सेनाओं में प्रयोग किए जाने वाली स्वदेशी ध्रुव हेलीकॉप्टर अब आम आदमी भी सफर कर सकेंगे। इसके लिए हेलीकॉप्टर का नया वर्जन तैयार किया गया है। एचएएल के बनाए इस हेलीकॉप्टर के एनजी वेरिएंट ने मंगलवार को बेंगलूरु में पहली उड़ान भरी। इसी के साथ भारत में नागरिक उड्डयन में भी ध्रुव हेलीकॉप्टरों के प्रयोग का रास्ता साफ हो गया है। 5.5 टन श्रेणी का यह हेलीकॉप्टर वीवीआइपी ट्रांसपोर्ट, एयर एंबुलेंस व क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए काम आएगा।

**ध्रुव एनजी की खासियतें–**

- 5500 किलो अधिकतम टेकऑफ वेट
- 285 किमी/घंटे की रफ्तार
- 630 किमी की रेंज
- 6000 मीटर तक की ऊँचाई तक जाने में सक्षम
- वीआइपी परिवहन के लिए 4 से 14 यात्रियों को ले जाने की क्षमता।
- एयर एंबुलेंस के लिए एक डॉक्टर, परिचायक और चार स्ट्रेचर रखने की व्यवस्था।
- अत्याधुनिक ग्लास कॉकपिट, 4 एक्सिस ऑटो फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम।

- **बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन हुआ–**

30 दिसंबर, 2025 को बांग्लादेश की राजनीति के दिग्गज नेता, पहली महिला प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया (80) का सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। जिया 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। जिया को 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना ने नजरबंद कर दिया था। वे जुलाई से दिसंबर तक पाकिस्तानी सेना की कैद में रही थीं। पाकिस्तान की हार के बाद खालिदा जिया को रिहा किया गया।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com